भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA
बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय
OFFICE OF THE DIRECTOR OF CENSUS OPERATIONS, BIHAR
बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800 004
Bihar State Co-Operative Bank Bhawan, Ashok Raj Path, Patna-800 004
Phone No. 0612-2675929, 2675672,Fax-0612-2675049 Email dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

2011

पत्रांक –डी. 15014/4/2010 (पार्ट–I)–1197 दिनांक– 25/6/2013

निविदा सूचना

अवगत कराना है कि जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार, पटना के अंतर्गत निम्नलिखित जिले में मातृभाषा से संबंधित सर्वेक्षण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाना है:–

जिले का नाम		मातृभाषा
1. भागलपुर	–	अंग/अंगिका
2. बॉका	–	"
3. खगड़िया	–	"
4. मुजफ्फरपुर	–	बज्जिका/वज्जिका
5. वैशाली	–	"
6. सीतामढ़ी	–	"

उक्त कार्य की विडियोग्राफी भी की जानी है। यदि आप उपरोक्त जिलों में मातृभाषा सर्वेक्षण की विडियोग्राफी करने के इच्छुक हो तो अपनी निविदा दिनांक 03.07.2013 सायं 3.00 बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार, बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राज पथ, पटना 800 004 में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं अथवा व्यक्तिगत तौर पर मुहर बंद लिफाफे में टेंडर बॉक्स में भी डाला जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त होने वाली निविदायें स्वीकार्य नहीं होगी। निविदा के नियम व शर्तें निम्नवत लागू होंगी:–

1. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंकर्स चेक/डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे–आर्डर/बैंक गारण्टी रू. 3000.00 (रूपया तीन हजार मात्र), जो आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार, पटना के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
2. प्रथम न्यूनतम दर वाली फर्म की ई0एम0डी0 कार्य पूर्ण होने तक जमा रहेगी तथा अन्य फर्मों की ई0एम0डी0 न्यूनतम दर वाली फर्म को कार्यादेश जारी होने की तिथि तक जमा रहेगी।
3. निविदा में दी गई दरें एक वर्ष के लिए मान्य होंगी।
4. (i) प्रत्येक मातृभाषा हेतु आठ सैम्पल लिए जाएँगें।
4. (ii) मातृभाषा के प्रत्येक सैम्पल की कॉपी डी0वी0डी0 पर बनानी होगा, जिसमें एक ओरिजनल एवं 2 कॉपी होंगी।
4. (iii) मातृभाषा के प्रत्येक सैम्पल की डी.वी.डी. पर स्पष्ट रूप से डी0वी0डी0 का कमांक राज्य/जिला/तहसील के साथ–साथ मातृभाषा का नाम दर्ज करना होगा। इसके अतिरिक्त उत्तरदाता का नाम एवं प्रकार, विडियोग्राफी की तिथि एवं समय आदि भी अंकित/दर्ज करना होगा।
5. उपरोक्त कार्य निम्नलिखित उपकरणों के द्वारा ही किया जायेगा:–
5. (i) हाई डेफिनिशन विडियो कैमरा मॉडल (उदाहरणार्थ सोनी जैड–7 एचडीवी/सोनी–170

पीडी/पैनासोनिक एमडी–9000)

5. (ii) कॉलर माईक (उदाहरणार्थ सेनेजर ईडब्लू 112–पी)
5. (iii) जूम एच–4 आडियो रिकार्डर।
6. प्रत्येक सैम्पल यूनिट में अधिकतम 10 कार्य दिवस विडियो रिकॉर्डिंग की जायेगी।
7. दरें प्रतिदिन प्रति सेट (जिसमें डी0वी0डी की दरें भी सम्मिलित होंगी) के आधार पर देनी होंगी। दर की अधिकतम सीमा 1500 रू0 प्रतिदिन प्रति विडियोग्राफर (सहायक एवं डीवीडी सहित) होगी।
8. प्रत्येक विडियोग्राफर के साथ एक सहायक का रहना भी अनिवार्य है।
9. निविदा के साथ नवीनतम वाणिज्य कर, वैट अदायगी प्रमाण पत्र की स्व सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
10. फर्म को टिन नं. एवं पैन कार्ड की फोटोकॉपी संलग्न करनी होगी।
11. निविदादाता की जनगणना कार्य निदेशालय/केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्द्धसरकारी संस्था आदि द्वारा काली सूची में न होने का स्व प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
12. न्यूनतम दर वाली फर्म को निदेशालय द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत कार्य पूरा करना होगा।
13. फर्म द्वारा किये गये कार्य का निदेशालय द्वारा सत्यापन के उपरांत भुगतान किया जायेगा।
14. निविदा दिनांक 03.7.2013 को सायं 4.00 बजे निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष इस निदेशालय की क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।
15. निविदा को मान्य/अमान्य अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का आधिकार सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार, पटना के पास सुरक्षित होगा तथा निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के वाद–विवाद में सक्षम अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार, पटना का निर्णय अंतिम होगा जो निविदादाताओं को मान्य होगा।

24/6/13

(धीरेन्द्र कुमार)
सहायक निदेशक (का0 अ0)